6. **Compulsory documents to be submitted by the Industry/Unit** :-
   (i) Environment Statement in **Form-V** of **Environment (Protection) Rules, 1986**.
   (ii) Quarterly **compliance report of the CCA, photograph of ETP/APCs/Waste Storage Area**.

7. Unit has to apply for renewal of CCA well in advance of 60 days of expiry of this CCA.

8. Competent Authority reserves the right to change/modify/add any time any condition of this CCA.

9. Unit has to comply with the other general conditions as annexed herewith. Non compliance of any provision of this CCA and provisions of the **Water Act, Air Act** and **Hazardous and Other Wastes (Management and Transboundary Movement) Rules, 2016** will results in legal action under the aforesaid **Acts and Rules**.

Member Secretary

Copy to: **Regional Officer, Uttarakhand Pollution Control Board, Haldwani, Distt. Nainital** for information and compliance of the same.

Chief Environment Officer

Annexure

Specific Conditions:

1. The Occupier shall under take mining in conformity with approved Mining Plan with the conditions and Rules prescribed in this regard, and instruction issued time to time.
2. The Occupier shall make permanent piller(s) along the boundary of the mining area and shall display details as- Name of Occupier, Lease Date & Validity, Lease Area etc. at prominent place.
3. The Occupier shall ensure that whatever deployment of labour attracts the Mines Act, the provision thereof shall be strictly followed.
4. The Occupier shall ensure regular water sprinkling in critically prone to air pollution and having high levels of Particulate Matter (PM) such as loading and unloading points and all transfer points.
5. The Occupier shall undertaken adequate safeguard measures during extraction of minor minerals and ensure that due to this activity the hydro-geological refine of surrounding area shall not be affected.
6. Vehicular emission shall be kept under Control and regularly monitored. The sand, bajri & boulders shall be carried out through the covered trucks only and vehicles carrying the sand/bajri/boulders shall not be overloaded.
7. Mining of soap stone only shall be carried out as per approved mining plan. Drilling/blasting etc shall be carried out only after prior approval of the Competent Authority.
8. Periodical medical examination of workers engaged in mining activity shall be carried out and records maintained.
9. The Occupier shall take all precautionary measures during mining operation for conservation & protection of endangered fauna & flora etc.
10. No change shall be made in mining technology and scope of mining work without prior approval of competent authority.
11. Mining shall be carried out in stipulated time and duration as permitted by competent authority.
12. The Occupier shall comply with the directions/instructions issued by the competent authority from time to time.
13. The Occupier shall strictly adhere to the conditions of Environment Clearance issued by the competent authority & provisions of approved mining plan, scrupulously.
14. The occupier shall comply with the Environment Management Plan and shall execute proposed environment management activities, scrupulously.
15. Overburden generated from the mining process shall be managed and restored as per approved mining plan. Illegal disposal/dump of overburden shall be treated as non compliance.
16. The Occupier(s) shall mark the mining area as per allotted mining lease by Competent Authority and mining shall be carried out only in approval mining area.
17. The Occupier shall ensure to submit Ambient Air Quality Report at quarterly basis.
18. The Occupier shall strictly adhere to Progressive Mining Closure Plan duly approved by the competent authority. In case of non-compliance, this CCA shall stand withdrawn.
19. The Soapstone mining capacity shall not exceed the mining capacity as permitted by the Directorate of Geology & Mining, Uttarakhand.
20. The Occupier shall strictly adhere to the provisions of the Water Act, Air Act, Environment (Protection) Act, and Rules/Notifications made thereunder.

General Conditions:-

1. The applicant shall get analyse the samples of effluent/emission/hazardous wastes at least once in a three month from the laboratory recognized by the MoEF&CC and shall report to the UKPCB.
2. The applicant shall however, not without the prior consent of the **Board** bring into use any new or altered outlet for the discharge of effluent or gases emission or sewage waste from the unit.
3. Treated waste water and domestic waste water shall be disposed jointly at one disposal point. The applicant shall provide discharge measurement equipment at final disposal point.

UKPCB

4. The applicant shall strictly comply with conditions of this CCA and submit compliance report of stipulated conditions within 30 days of receipt of this CCA. If, at any point of time, it is found that the industry is not complying with stipulated conditions or any further direction/instruction issued by the Board, legal action shall be initiated against the applicant.
5. The applicant shall maintain good housekeeping. All valves/pipes/sewer/drains etc. must be leak-proof.
6. The industry shall provide "Inspection Book" at the time of inspection to the Board's officials.
7. Whenever due to any accident or other unforeseen act or event, such emission occurs or is apprehended to occur in excess of standards laid down, such information shall be reported to the Board's offices and all other concerned offices. In case of failure of pollution control equipment, the production process connected to it shall be stopped with immediate effect.
8. The industry shall operate in a manner so that all emissions be emitted through designated chimney/stack only.
9. In case of any damage to the agriculture productivity, human habitation etc. by the operation of industry, it shall be imperative to stop production in the industry with immediate effect and such information shall be reported to Board's offices. The industry shall be liable to pay compensation also in such cases as decided by the Competent Authority.
10. The applicant shall apply before the 60 days of expiry of CCA or any change in production types/ production capacity/manufacturing process/capacity enhancement etc. or any change in effluent discharge point or emission point.
11. The **Board** reserves the right to revoke/add/modify any stipulated condition issued along with CCA, as may be necessary.
12. The person authorized shall not rent, lend, sell, transfer or otherwise transport the hazardous waste without permission of Board.

26/1/19

Chief Environment Officer

E/C JDH

मुख्यालय
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
"गौरा देवी पर्यावरण भवन"
46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून-248001

पत्रांक-यूकेपीसीबी/एचओ/एचओसी-7294/2021/ 635 दिनांक 23.8.2021

सेवा में,

M/s J.D. Minerals,
Vill.- Bajeta, Tehsil-Munsyari,
Distt- Pithoragarh.

Registered/AD

CAF ID - 26081
CTE : Fresh

विषय :- पर्यावरणीय प्रदूषण की दृष्टि से नई इकाई की स्थापना हेतु सहमति पत्र (Consent to Establish) निर्गमन।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके आवेदन पत्र दिनांक 13.08.2021 (Application No.- 1604422) एवं तत्सम्बन्धी क्षेत्रीय कार्यालय की निरीक्षण आख्या एवं संस्तुति का बोर्ड मुख्यालय में परीक्षण किया गया एवं परीक्षणोपरान्त लिए गए निर्णय के क्रम में उद्योग को पर्यावरणीय प्रदूषण के दृष्टिकोण से निम्नलिखित विशिष्ट शर्तों एवं सामान्य शर्तों के समुचित अनुपालन की शर्त के साथ सशर्त स्थापनार्थ सहमति (Consent to Establish) पत्र निर्गत किया जाता है।

1- यह स्थापनार्थ सहमति पत्र निम्नलिखित विशिष्ट विवरणों के लिए ही निर्गत किया जा रहा है :-

(क) स्थल :	Vill- Bajeta, Tehsi-Munsyari, Distt- Pithoragarh. (Total Mining Area – 17.96 Hectare)
(ख) उत्पादन :	Soapstone – 68231MT for Five Years (As per Office Order No. -1257/ मु0ख0/खनन/144/पियौ0/भू0खनि0ई0/2018-19 दिनांक 24 जुलाई, 2021of the Geology & Mining Unit, Directorate of Industry, Dehradun.)
(ग) मुख्य कच्चे माल :	Soapstone Lumps- 68231 MT for Five Years.
(घ) औद्योगिक उत्प्रवाह :	NIL
(ङ.) प्रयुक्त ईंधन :	NIL

2- चुगान/खनन क्षेत्र में सभी आवश्यक यन्त्र, संयंत्र, हरित पट्टिका, उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र तथा वायु प्रदूषण नियन्त्रण की व्यवस्था की स्थापना में की गई प्रगति रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रत्येक माह की दसवीं तारीख तक निरन्तर प्रेषित् करें।

3- चुगान/खनन क्षेत्र में परीक्षण संचालन तब तक प्रारम्भ नहीं करें, जब तक कि वह बोर्ड से जल अधिनियम एवं वायु अधिनियम के अन्तर्गत सहमति (CTO) प्राप्त न कर ले। जल सहमति एवं वायु सहमति (CTO) प्राप्त करने हेतु इकाई में संचालन प्रारम्भ करने की तिथि से कम से कम 2 माह पूर्व निर्धारित सहमति आवेदन पत्रों को उत्पादन पूर्व प्रथम आवेदन का उल्लेख करते हुए इस कार्यालय में अवश्य जमा कर दिया जाये। यदि उद्योग उपरोक्त का अनुपालन नहीं करता है तो उक्त अधिनियमों के वैधानिक प्राविधानों के अन्तर्गत उद्योग के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

4- चुगान/खनन क्षेत्र में परीक्षण सचांलन से पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इकाई का निरीक्षण सुनिश्चित कराया जाये।

5- जनित घरेलू उत्प्रवाह को सेप्टिक टैंक के माध्यम से सोक-पिट में निस्तारित किया जाये।

6- यह स्थापना हेतु सहमति पत्र केवल घरेलू उत्प्रवाह के लिये मान्य है।

7- इकाई प्रतिवर्ष माह सितम्बर तक पर्यावरणीय वक्तव्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

8- यह स्थापना हेतु सहमति पत्र जारी होने की तिथि से 05 वर्ष तक के लिये वैध होगा।

9- चुगान/खनन के दौरान धूल निस्तारण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था सुनश्चित की जाये एवं यह भी सुनिश्चित किया जाये कि खनन/चुगान कार्य एवं आदि से परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रभावित न होवें।

10- चुगान/खनन क्षेत्र से जनित ठोस अपशिष्ट पदार्थों को इस प्रकार निस्तारित किया जाये, कि जल, वायु तथा मृदा प्रदूषण की सम्भावना न रहे। खनन/चुगान कार्य से जनित over burden का नियमानुसार प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में over burden का अनधिकृत रूप से निस्तारण न किया जाये।

11- चुगान/खनन कार्य का संचालन इस प्रकार किया जाये. कि प्रदूषण सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त न होवें।

... चुगान/खनन क्षेत्र परिसर में चारों तरफ कम से कम 3 कतारों वाली हरित पट्टिका विकसित की जाये। हरित पट्टिका हेतु सघन तथा छायादार वृक्षों का चयन किया जाये। हरित पट्टिका हेतु निर्धारित भूमि पर खनन कार्य न किया जाये।

13- चुगान/खनन क्षेत्र में परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं ट्रांसबाउण्ड्री मूवमेन्ट) नियम 2016 का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा उत्पादन से पूर्व परिसंकटमय अपशिष्ट के निस्तारण हेतु बोर्ड से प्राधिकार प्राप्त किया जाये।

14- चुगान/खनन क्षेत्र में सुरक्षा सम्बन्धी समस्त उपाय किये जायें तथा उत्पादन प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाये।

15- चुगान/खनन हेतु State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA), Uttarakhand द्वारा निर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति सं० 266-01(83)/2019, दिनांक 12.08.2021 में वर्णित समस्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

16- विषयगत खनन स्थल पर खनन/चुगान कार्य सक्षम स्तर से अनुमोदित Mining Plan के अनुसार ही किया जाये तथा खनन/चुगान कार्य मात्र सूर्योदय से सूर्यास्त तक ही किया जाये।

17- खनन/चुगान कार्य इस प्रकार सुनिश्चित किया जाये कि खनन/चुगान से नदी/जल धारा का प्राकृतिक प्रवाह किसी भी दशा में बाधित न होंवे तथा समीपवर्ती जल स्त्रोतों की गुणवत्ता किसी भी दशा में प्रभावित न होवें।

18- खनन/चुगान से प्राप्त रेता/बजरी/पत्थर के परिवहन हेतु आबद्ध वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाये, ताकि परिवेशीय वायु गुणवत्ता सदैव मानकों के अनुरूप रहे।

19- इकाई चुगान/खनन कार्य इस प्रकार किया जाये कि जल एवं वायु प्रदूषण की समस्यायें उत्पन्न न होंवे। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु धूल जनित बिन्दुओं पर आवश्यकतानुसार जल छिड़काव की व्यवस्थायें की जाये ताकि परिवेशीय वायु गुणवत्ता सदैव मानकों के अनुरूप रहे।

20- विषयगत स्थल पर खनन/चुगान कार्य मात्र Open Cast Pit Semi Mechanized Method द्वारा किया जाये। किसी भी दशा में Drilling & Blasting न की जाये।

21- विषयगत स्थल पर खनन/चुगान कार्य के साथ Progressive Mine Closure Plan के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में Mining से जनित Over Burden को अनधिकृत रूप से निस्तारित न किया जायें। उक्त कार्य हेतु पूर्व से ही Corpus fund की व्यवस्था की जाये।

22- खनन/चुगान कार्य मात्र सक्षम स्तर से सीमांकित क्षेत्र के अन्तर्गत ही किया जाये। सीमांकन हेतु पक्के/स्थाई पीलर्स की स्थापना की जाये एवं खनन क्षेत्र का पूर्व विवरण यथा-नाम, क्षेत्रफल, लीज़ की अवधि, खनन की मात्रा आदि हेतु डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किया जाये।

23- खनन/चुगान हेतु समय-समय पर शासन/सक्षम स्तर से प्रेषित् आदेशों/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित् किया जाये।

24- यह स्थापनार्थ सहमति पत्र जल (प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है। आवेदक सक्षम विभागों से आवश्यक रूप से अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करे।

कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त लिखित विशिष्ट शर्तों एवं सामान्य शर्तों का प्रभावी एवं सन्तोषजनक अनुपालन न करने पर बोर्ड द्वारा निर्गत स्थापना हेतु सहमति (CTE) पत्र निरस्त कर दिया जयेगा। बोर्ड का अधिकार सुरक्षित है, कि स्थापना हेतु सहमति पत्र (Consent to Establish) की शर्तों में संशोधन किया जाये अथवा निरस्त कर दिया दिया जाये।

उपर्युक्त विशिष्ट एवं सामान्य शर्तों के सम्बन्ध में खनन क्षेत्र द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 19.09.2021 तक अनुपालन आख्या अवश्य प्रेषित् की जाये। अनुपालन आख्या नियमित प्रेषित की जाये, अन्यथा स्थापना हेतु सहमति पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

भवदीय

(एस०पी० सुबुद्धि)
सदस्य सचिव

O/C

पृ० सं० एवं दिनांक/उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :-क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हल्द्वानी, जिला- नैनीताल को सूचनार्थ एवं उपरोक्त के अनुपालन हेतु प्रेषित।

मुख्य पर्यावरण अधिकारी

संलग्नक -10

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
भोपालपानी उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या मुख्य खनिज–/मा0 प्ला0–144/पिथौ0/2022–23 दिनांक 23 सितम्बर, 2022

कार्यालय –ज्ञाप

मै0 जे0डी0 मिनरल्स प्रो0 राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र श्री नन्दन सिंह दफौटी , बी–54 जज फर्म, छोटी मुखानी हल्द्वानी जनपद नैनीताल के पक्ष में उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक विकास अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 1425/VII-I-II/2021 /1(13)/18 दिनांक 23 सितम्बर, 2021 के द्वारा जनपद पिथौरागढ तहसील मुनस्यारी ग्राम बजेता क्षेत्रान्तर्गत कुल 17.967 है0 भूमि में 50 वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृत खनन पट्टे से संबंधित खनन योजना एवं उत्तरोत्तर खान बन्द करने की योजना जो कि आर0 क्यू0पी0 श्री पंकज पाण्डे द्वारा तैयार की गयी है, को वैज्ञानिक, तकनीकी एवं पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से खनन संक्रियाओं के सुनियोजित संचालन हेतु उपयुक्त पाये जाने के दृष्टिगत कार्यालय ज्ञाप संख्या 1762/खनन/गौण खनिज–माइनिंग प्लान/26 भू0खनि0ई0/2015–16 दिनांक 31 अक्टूबर, 2015 एवं उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या 844/VII-I/2015/68–ख /2015 दिनांक 31 जुलाई, 2015 यथा संशोधित कार्यालय ज्ञाप संख्या 1589/VII-I/68–ख/2015 दिनांक 07 अक्टूबर, 2015 द्वारा जारी उत्तराखण्ड गौण खनिज नीति–2015 के प्रस्तर –8 (दो)(1) एवं उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली–2001 के निमय–34 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1257/मु0ख0/खनन/144/पिथौ0/भू0खनि0ई0/2018–19 दिनांक 24 जुलाई, 2021 के द्वारा मै0 जे0डी0 मिनरल्स प्रो0 राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र श्री नन्दन सिंह दफौटी , बी–54 जज फर्म, छोटी मुखानी हल्द्वानी जनपद नैनीताल के पक्ष में वर्ष 2021–22 से वर्ष 2025–26 हेतु अनुमोदित की गयी थी। जिला खान अधिकारी पिथौरागढ के पत्र संख्या 357 दिनांक 31.08.2022 एवं पत्र सख्या 390 दिनांक 13–09–2022 के द्वारा उक्त अनुमोदित खनन योजना में चिन्हित किये गये पिट क्षेत्र के कुछ काश्तकारों द्वारा खनन कार्य में विरोध किये जाने तथा वर्ष 2021–22 में प्रश्नगत खनन क्षेत्रान्तर्गत खनन कार्य न किये जाने से वर्ष 2021–22 का Lapse Period मानते हुये अगामी 04 वर्ष हेतु पूर्व में स्वीकृत खनन योजना को संशोधित किये जाने हेतु पट्टाधारक द्वारा किये गये अनुरोध के कम में श्री पंकज पाण्डे आर0क्यू0पी0 द्वारा तैयार संशोधित (Modified)खनन योजना एवं उत्तरोत्तर खान बन्द करने की योजना का अनुमोदन आगामी 04 वर्ष की अवधि हेतु खनन कार्य सेमी मैक्नाइज्ड माईनिंग से बिना ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग के वर्ष 21–22 Lapse Period, वर्ष 2022–23 हेतु 12,562टन, वर्ष 2023–24 हेतु 13,924 टन , वर्ष 2024–25 हेतु 15,275 टन, एवं वर्ष 2025–26 हेतु 17035 टन के उत्पादन हेतु संशोधित खनन योजना एवं उत्तरोत्तर खान बन्द करने की योजना का अनुमोदन निम्नलिखित शर्तों /प्रतिबंधो के अधीन किया जाता है:–

1. किसी भी स्तर पर यदि यह पाया जाता है कि दस्तावेज में दी गई, उपलब्ध कराई गई सूचनाए असत्य अथवा गलत ढंग से दर्शायी गई है, तो दस्तावेज का अनुमोदन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जायेगा।
2. पट्टाधारक द्वारा वर्ष 2021–22 (Lapse Period) का अपरहिार्य भाटक जिलाधिकारी पिथौरागढ/जिला खान अधिकारी पिथौरागढ से आंगणित कराकर जमा कराया जाना होगा।
3. खान एवं खनिज (विकास एवं विनिमयन) अधिनियम 1957 एवं उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली–2001 के अर्न्तगत अपेक्षित कोई सूचना/विषय वस्तु का संगुप्त रखना/छिपाना यदि पाया जाता है और उसके सुधार हेतु कोई प्रस्ताव भी नही दिया जाता है, तो खनन योजना एवं उत्तरोतर खान बन्द करने की योजना का अनुमोदन तुरन्त प्रभाव से वापस लेना माना जायेगा।
4. खनन कार्य एवंम खनिजों के खनिज अन्वेषण/खनिज भण्डारण/खनिज का आंकलन एवं सत्यापन अनुमोदित खनन योजना के अनुसार किया जाना होगा। अनुमोदित खनन योजना एवं एवं उत्तरोतर खान बन्द करने की योजना का अनुपालन न किये जाने की दशा में खान एवं खनिज (विकास एवं विनिमयन) अधिनियम 1957 एवं उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली–2001 के अनुसार कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।
5. आवेदक द्वारा उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक विकास अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 1425/VII-I-II/2021 /1(13)/18 दिनांक 23 सितम्बर, 2021 द्वारा निर्गत शासनादेश की समस्त शर्तो का अनुपालन किया जाना होगा।
6. यह खनन योजना अन्य किसी अधिनियम जो कि खान या क्षेत्र पर लागू होते है या समय–समय पर राज्य सरकार या केन्द सरकार या अन्य किसी सक्षम द्वारा प्रख्यापित किये जाते है, को छोडकर अनुमोदित की जाती है।
7. यह खनन योजना वन (संरक्षण) अधिनियम–1980, वन संरक्षण नियमावली 1981 और अन्य सम्बन्धित अधिनियम और नियमावली, आदेश, और दिशा निर्देश जो कि इस खनन पट्टे पर समय–समय पर दिये जाये लागू होगे।

3. अनुमोदित खनन योजना किसी भी प्रभावी माननीय न्यायालय, मा0 ट्रिब्यूनल एवं किसी प्रकार के अन्य न्यायालय आदि के आदेश एवं दिशा निर्देश के लागू होने को बाधित नही करती है।
9. इस खनन योजना एवं उत्तरोतर खान बन्द करने की योजना का अनुमोदन किसी भी न्यायालय के सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी आदेश या निर्देश पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किया गया है।
10. प्रत्येक छमाई में खनन क्षेत्र की अनुमोदित खनन योजना के अनुसार आंकलन जिला खान अधिकारी भूतत्व एवं खनिकर्म को आंकलन आख्या प्रस्तुत की जानी होगी।
11. धात्विक खनन अधिनियम 1961 के अनुसार खदान सुरक्षा, खदान में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी पट्टाधारक की होगी।
12. खनन पट्टा क्षेत्र में खनन कार्य बैन्च बनाकर किया जायेगा। पट्टाक्षेत्र में किसी भी प्रकार की ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग का उपयोग निषिद्ध रहेगा।
13. पट्टाधारक को मोटर मार्ग से खनन पिट तक जाने के लिए पक्के फुटपाथ का निर्माण करना अनिवार्य होगा।
14. The Occupational safety Health and Working Conditions Code -2020 की अनुपालना की जानी होगी।
15. पट्टाधारक को पट्टाक्षेत्र में खनिज विकास एवं संरक्षण , खनन कार्य, निर्धारित स्थान पर मलवा का निस्तारण , रिटेनिंग वाल्स, प्रोग्रेसिव माइनिंग क्लोजर प्लान, चैकडैम, वृक्षारोपण एवं गारलैंड ड्रेनेज सिस्टम, सिल्टेशन टैंक निर्माण आदि कार्य अनुमोदित खनन योजना के अनुसार करना अनिवार्य होगा।
16. पट्टाधारक को गधेरे, गूल, रास्ता एवं सार्वजनिक भूमि को संरक्षित करते हुए खनन कार्य करना होगा तथा सार्वजनिक भूमि में खनन कार्य तथा मलवा डालना पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।
17. यदि पट्टाधारक द्वारा सर्वजनिक उपयोग की भूमि में किसी प्रकार का खनन कार्य या मलवा डाला जाता है तो उसे अवैध माना जायेगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
18. खनन योजना एवं उत्तरोतर खान बन्द करने की योजना का निष्पादन/कियान्वयन निषेधाज्ञाओं/अधिसूचनाओं, आदि कोई हो तो के रिक्त होने के अधीन होगा।
19. आवेदक जिस खेत में कार्य करेगा उस खेत की सूचना सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/जिला खान अधिकारी, एवं सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी के कार्यालय को जिस खेत में खनन हो रहा है के भूस्वामी से किये गये अनुबन्ध की छाया प्रति खनन कार्य प्रारम्भ करने के 15 दिन पूर्व प्रस्तुत करेगा।
20. भू-संदर्भित खनन पट्टा प्लान्स सम्मिश्रण उपरान्त भू-संदर्भित वैक्टोराइज्ड खसरा प्लान से पूरी तरह मेल होना चाहिए इसके त्रुटीपूर्ण होने की दशा में सम्बन्धित आर0क्यू0पी तथा आशयपत्र धारक जिम्मेदार होगें।
21. अनुमोदित खनन योजना की स्कैन प्रति सम्बन्धित जिलाधिकारी कार्यालय, जिला खान अधिकारी, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी एवं आवेदक को अभिलेखार्थ यथाशीघ्र प्रस्तुत करने का दायित्व सम्बन्धित आर0क्यू0पी0/आवेदक का होगा।

संलग्नकः संशोधित खनन योजना की अनुमोदित प्रति।

(एस0एल0पैट्रिक)
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्याः 2350 /मु0ख0/खनन/144/पिथौ0/भू0खनि0ई0/2018-19तददिनांकित ।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. सचिव, खनन, उत्तराखण्ड शासन।
2. जिलाधिकारी, पिथौरागढ।
3. सदस्य सचिव राज्यस्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) उत्तराखण्ड देहरादून।
4. सदस्य सचिव उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आई0टी0 पार्क देहरादून।
5. प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग पिथौरागढ।
6. जिला खान अधिकारी, खनन, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, पिथौरागढ।
7. जे0डी0 मिनरल्स प्रो0 राजेन्द्र सिंह दापौटी, बी-54 जज फार्म छोटी मुखानी, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल।
8. श्री पंकज पाण्डे पुत्र श्री रमेश चन्द्र पाण्डे निवासी बी-/213, श्री नाथजी बिहार सीतपुर लखनऊ।

23/9/2022

(एस0एल0पैट्रिक)
निदेशक।

संलग्नक - 11

कार्यालय तहसीलदार तेजम।

संख्या–[illegible]/खनन–जांच/2022–23 दिनांक मार्च 17, 2023

सेवा में,

उपजिलाधिकारी महोदय,
मुनस्यारी।

विषय– ग्राम बजेता पर खनन कार्य पर रोक लगाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय भूतत्व एवं खनिकम इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड, जिला टास्क फोर्स, न्यू टकाना कालोनी, पिथौरागढ के पत्र संख्या 1204/जि0टा0फो0पि0/जांच/2022–23 दिनांक 12.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जिलाधिकारी महोदय, पिथौरागढ के कार्यालय पत्र संख्या र–1002/तीस–खनन/2022–23 दिनांक जनवरी 02, 2022 में उल्लिखित ग्राम बजेता के स्थानीय निवासियों के शिकायत जिसमें उनके द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र स्व0 श्री नन्दन सिंह दफौटी, खडिया खनन पटटाधारक द्वारा ग्राम अन्तर्गत गौचर पनघट की भूमि में बिना ग्रामवासियों की सहमति के 500 मी0 मोटर मार्ग निर्माण करने, सैंकडों चीड के हरे भरे पेडों को खडिया खनन से नुकसान पहुंचाने, खनन स्थल का मलवा पानी के स्त्रोतों में डालने आदि का उल्लेख कर खडिया खनन पर रोक लगाये जाने के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण/जांच कर प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त के क्रम में श्रीमान् के आदेशअनुपालनार्थ प्रकरण में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग पिथौरागढ से दूरभाष पर संयुक्त निरीक्षण तिथि दिनांक 18.03.2023 निर्धारित किये जाने उपरान्त भूतत्व एवं खनिकम इकाई, पिथौरागढ, वन विभाग, मुनस्यारी एवं राजस्व विभाग के के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ निर्धारित दिनांक को संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण आख्या मूल में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः उक्तानुसार आख्या महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्न– यथोक्त/–

भवदीय,

(भूपाल सिंह [illegible])
प्र0 तहसीलदार
तेजम।

--संयुक्त निरीक्षण आख्या--

कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, पिथौरागढ के कार्यालय पत्र संख्या-र-1002/तीस-खनन/2022-23 दिनांक 02 जनवरी, 2023, र-715/तीस-खनन/2022-23 दिनांक 15 दिसम्बर 2022, पत्र संख्या र-1002(1)तीस-खनन/2022-23 दिनांक 01 जनवरी, 2023 के अनुपालन में पत्रांकों के साथ संलग्न शिकायती पत्रों में की गयी शिकायतों के सम्बन्ध में आज दिनांक 18.03.2023 को ग्राम बजेता पटटी बांसबगड तहसील तेजम जिला पिथौरागढ में श्री राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र श्री नन्दन सिंह दफौटी बी-54 जज फार्म, छोटी मुखानी, हल्द्वानी जिला नैनीताल को स्वीकृत खनन पटटा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण राजस्व विभाग, भूतत्व, एवं खनिकर्म विभाग पिथौरागढ तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा किया गया। संयुक्त निरीक्षण आख्या निम्नवत है-

खनन पटटाधारक द्वारा बिना अनुमति के 500 मी0 लम्बी सडक राज्य सरकार की भूमि में खनन स्थल तक मशीनें इत्यादि ले जाये जाने हेतु काटी गयी है तथा उक्त सम्बन्ध में पटटाधारक द्वारा किसी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज दौराने जांच प्रस्तुत नहीं किया गया है।

खनन पटटाधारक द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर 40 मी0 लम्बाई एवं 15 मी0 चौडाई कुल 600 वर्ग मी0 क्षेत्र में खनन कार्य किया गया है। स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनन कार्य किये जाने के सम्बन्ध में अर्थदण्ड अधिरोपित किये जाने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

खनन पटटाधारक द्वारा स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर मोटर मार्ग निर्माण के दौरान एवं खनन क्षेत्र में बिना किसी अनुज्ञा के चीड व शश्य प्रकार के वृक्षों का कटान भी किया गया है। मौके पर उपस्थित वन विभाग के प्रतिनिधि, वन दरौगा द्वारा उक्त सम्बन्ध में विभागीय जुर्म अधिरोपित कर कार्यवाही कर लिया जान अवगत कराया गया है।

खनन पटटाधारक द्वारा खनन कार्य के दौरान निकले हुए मलवे को ढालदार स्थल पर डाला गया है जिससे मलवा बहकर निकटस्थ भुजगड नदी में आने के कारण नदी का जल प्रदूषित हो रहा है। खनन क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्व निर्मित सिंचाई गूल वर्तमान समय में निष्प्रयोज्य है। खडिया खनन का मलवा ढालदार जगह पर डाले जाने के कारण जल स्त्रोत प्रभावित होना स्वाभाविक है।

खनन पटटाधारक द्वारा खनन कार्य के दौरान निकाले गये मलवे को ढालदार स्थल पर डाल दिये जाने के कारण स्वीकृत क्षेत्र के बाहर निर्मित पैदल मार्ग अवरूद्व होना पाया गया।

वर्तमान में किये जा रहे खनन स्थल से प्राथमिक विद्यालय बजेता की दूरी 75 मी0 है।

पटटाधारक प्रतिनिधि को स्वीकृत खनन क्षेत्र के बाहर खनन कार्य बन्द किये जाने एवं नियमानुसार स्वीकृत क्षेत्रान्तर्गत ही खनन कार्य किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

अतः उक्तानुसार संयुक्त निरीक्षण आख्या महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

राजस्व उप निरीक्षक,
बांसबगड

राजस्व निरीक्षक
बांसबगड

अधिकारी सर्वेक्षक,
भूतत्व एवं खनिकर्म ईकाइ,
पिथौरागढ

वन दरोगा,
नाचनी

तहसीलदार
तेजम

संलग्नक-12

कार्यालय वन क्षेत्राधिकारी मुनस्यारी

Mail Id:- rengeofficemunsyari@gmail.com

पत्रांक 1396/ 18-1 दिनांक, मुनस्यारी 15 मार्च, 2023

सेवा में,

उप प्रभागीय वनाधिकारी
बेरीनाग

विषयः— रेंज केस संख्या—14/मुन0/2022—23 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि वन पंचायत बजेता में अवैध रूप से राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र नन्दन सिंह दफौटी द्वारा स्वीकृत खनन क्षेत्र से बाहर अवैध सड़क निर्माण करना/चीड़ हरे खड़े पेड़ों को अवैध रूप से क्षति पहुंचाने पर एच—2 केश महोदय की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न :— एच—2 की प्रति।

भवदीय

वन क्षेत्राधिकारी
मुनस्यारी

प्रतिलिपिः— प्रभागीय वनाधिकारी महोदय पिथौरागढ़ वन प्रभाग पिथौरागढ़ की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,

वन क्षेत्राधिकारी
मुनस्यारी

Scanned with OKEN Scanner

3.3 [illegible] 12

पृष्ठ सं०- 01

[illegible] 11/[illegible]

वन विभाग उत्तराखण्ड वन उ०क्षे० अल्मोड़ा रेंज पिथौरागढ़

वन अपराध भा० व० अ० 1927 प्रसूचना सं० 04 दिनांक 15-03-23 रेंज मुनस्यारी की धारा 32, 33

1- नाम/पिता का नाम राजेन्द्र सिंह दफौटी S/o नन्दन सिंह दफौटी, B-54 फार्म छोटी मुखानी हल्द्वानी जि०ना०- नैनिताल

2- साक्षी का नाम जसवन्त सिंह देउपा वनवीट अ० मलिया, रमेश सिंह (वनदरोगा)

3- कथित अपराध का पूरा विवरण और भा० व० अ० 1927 की धारा-32, 33
दिनांक 15-03-2023

4- मूल्य रु 21778.00

5- चालान एवं अनुसन्धान

6- प्रसूचना के ब्यौरे और प्रमाण आदि का उल्लेख आज दि०15-03-23 को ग्राम पंचायत बजेता के ग्रामीणों द्वारा खड़िया खनन क्षेत्र में चीड़ के पेड़ों का अवैध पातन के संबंध में सूचना मिलने पर वन विभाग से वन दरोगा श्री रमेश सिंह व मैं बजेता खड़िया खनन क्षेत्र में गये जिस दौरान मौके पर पाया कि बजेता क्षेत्र में खड़िया खनन का कार्य चल रहा है इस संबंध में खनन क्षेत्र में एक व्यक्ति दिखाई दिया उससे पूछताछ करने पर जानकारी में आया कि वही खड़िया खनन का कार्य करवा रहे हैं उसके द्वारा अपना नाम कुवर सिंह कोरंगा पुत्र हयात सिंह ग्राम+पोस्ट सामा तहसील कपकोट जिला बागेश्वर बताया तथा यह भी बताया कि यह कार्य राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र नन्दन सिंह दफौटी, B-54 फार्म छोटी मुखानी हल्द्वानी जिला नैनिताल के नाम खड़िया खनन पट्टा स्वीकृत है, मौके पर देखा गया कि सामा-बजेता मुख्य मोटर मार्ग से खनन क्षेत्र लगभग 200 मी० दूरी पर स्थित है किन्तु खनन क्षेत्र में आवागमन हेतु मार्ग न होने के कारण उक्त पट्टाधारक द्वारा सिविल वन क्षेत्र व वन पंचायत बजेता की वन भूमि में अवैध रूप से खुदान कर स्वीकृत पट्टा स्थल (नाप भूमि) तक अवैध रूप से खुदाई कर सड़क के निर्माण हेतु 500 मी० लम्बी तथा 4 मी० चौड़ाई में घुमावदार सड़क निर्माण किया गया, जिसकी जानकारी लेने पर स्थल में उपस्थित व्यक्ति द्वारा कोई वैध दस्तावेज वन विभाग को उपलब्ध नही कराये, तथा उक्त सड़क खुदाई से उत्सर्जित मलबे को नीचे की ओर वन पंचायत बजेता वन भूमि (20 मी० ल० x 15 मी० चौ०) क्षेत्र में फैलाया गया जिसके कारण सिविल व वन पंचायत बजेता में चीड़ के हरे खड़े P.T. व छोटे पेड़ों को नुकसान पहुंचा।

A1

उपरोक्त पट्टाधारक द्वारा सड़क निर्माण के लिए लगभग 500 मी० x 4 मी० = 2000 वर्ग मीटर तथा मलवे से लगभग 300 वर्गमीटर सहित कुल 2300 वर्गमी० या 0.23 है० वन क्षेत्र का नुकसान कर अवैध कार्य किया गया और नाप भूमि में स्वीकृत खनन से उत्सर्जित मलवे को पट्टा धारक द्वारा अवैध रूप से वन पंचायत बजेता की वन भूमि में डम्पिंग स्थल बनाकर फैलाया गया जिससे लगभग 50 मी० लम्बी तथा 10 मी० चौ० के ढलानी खेत को भी प्रभावित किया तथा खनन के मलवे से 500 वर्गमीटर या 0.05 है० वन भूमि प्रभावित हुई और खनन के मलवे से चीड़ के पेड़-पौधों को क्षति पहुंची, जिसमें 0-10cm व्यास गोलाई के 40 पेड़, 10-20cm व्यास गोलाई के 30 पेड़ व 20-30cm व्यास गोलाई के 10 पेड़ों को क्षति पहुंची,

उपरोक्त के आलोक में कुल मिलाकर 0.28 हेक्टेयर वन भूमि में अवैध कार्य होना पाया गया तथा कुल शस्य व छोटे पेड़ों की संख्या 70 व बड़े चीड़ के पेड़ों की संख्या 10 को क्षति पहुंचाई गई।

उक्त अवैध कार्य के अनुसार निम्न प्रकार मूल्य निर्धारित किया जाता है।

1- 0.28 है० वन भूमि NPV दर = 281458 रु०

2- 20-30cm व्यास गोलाई के 10 पेड़ों की दर = 40320 रु०

कुल = 321778 रु०

अतः रिपोर्ट महोदय की सेवा में प्रेषित।

उ० प्र० वा० बेरीनाग की सेवा में मय केस सूचनार्थ प्रेषित।

वन क्षेत्राधिकारी
मुनस्यारी

प्रशान्त सिंह देउपा
वन्य० अ०
मालीपाना

फार्म संख्या ई – 3

"उत्तरी कुमाऊँ"

वन विभाग, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड

पुस्तक संख्या– 942 क्रम संख्या– 094159

रेंज मुनस्यारी वन प्रभाग पिथौरागढ़ वर्ष 200[illegible]

श्री राजेन्द्र सिंह दफौती पुत्र श्री नन्दन सिंह दफौती पता E–54 कामा होली मल्लीगाँव हल्द्वानी से रूपया 105000.00 (अंकों में) रूपया एक लाख पाँच हजार मात्र (शब्दों में) दिनांक 18-3-2023 को [illegible] सं० 14/ मुनस्यारी/2022-23 के भुगतान का प्राप्त किया।

[illegible]

दिनांक 18-3-2023

[illegible]

संलग्नक-13

कार्यालय भूवैज्ञानिक
भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड
जिला टास्क फोर्स, पिथौरागढ़

पत्रांक : 17 /जि0टा0फो0–पिथौ0/खनन/भू0निरी0/2018–19 दिनांक : 25-04-2018

सेवा में,

जिलाधिकारी
पिथौरागढ़।

विषय : **जनपद पिथौरागढ़, तहसील मुनस्यारी के ग्राम बजेता क्षेत्रान्तर्गत 17.967 है0 क्षेत्रफल नाप भूमि/बेनाप भूमि पर आवेदक मै0 जे0डी0 मिनरल्स, प्रो0 राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र स्व0 श्री नन्दन सिंह दफौटी, निवासी बी0–54, जज फार्म, छोटी मुखानी, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल के आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2017 के सम्बन्ध में आवेदित भूमि की संक्षिप्त भूगर्भीय निरीक्षण के सम्बन्ध में:–**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र सं0–72/तीससोपस्टोन खनन पटटा जांच/2017, दिनांक 16 अक्टूबर 2017 के क्रम में जनपद पिथौरागढ़ के तहसील मुनस्यारी के ग्राम बजेता क्षेत्रान्तर्गत 17.967 है0 क्षेत्रफल नाप भूमि/बेनाप भूमि पर आवेदक मै0 जे0डी0 मिनरल्स, प्रो0 राजेन्द्र सिंह दफौटी पुत्र स्व0 श्री नन्दन सिंह दफौटी, निवासी बी0–54, जज फार्म, छोटी मुखानी, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल के आवेदन पत्र दिनांक 10.08.2017 के सम्बन्ध में प्रस्तावित स्थल का भूगर्भीय निरीक्षण गठित समिति के सदस्यों के प्रतिनिधियों एंव आवेदक की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया, मौके पर स्थलीय निरीक्षण के समय प्रस्तावित क्षेत्र के स्थल का सत्यापन श्री कुन्दन लाल, राजस्व उपनिरीक्षक के द्वारा खसरा मानचित्र के आधार पर कराया गया है। प्रस्तावित स्थल की भूवैज्ञानिक दृष्टिकोण से आख्या निम्नवत् है:–

प्रभावित क्षेत्र तक पंहुच मार्ग तथा भौगौलिक स्थिति :–

प्रस्तावित सोपस्टोन खनिज के खनन पटटा हेतु आवेदित स्थल पिथौरागढ़–मुनस्यारी मोटरमार्ग पर स्थित नाचनी से बाजार से दांयी ओर जाने वाले मोटर मार्ग पर लगभग 15 कि0मी0 की दूरी पर स्थित बांसबगड़ तथा तत्पश्चात बांसबगड़ के ड़ाउनहिल दिशा में स्थित भुजगाड़ के अपस्ट्रीम दिशा में लगभग 03 कि0मी0 की दूरी पर भुजगाड़ के दांये किनारे पर पहाड़ी के अपहिल दिशा में ग्राम बजेता में प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित स्थल में वर्तमान में बांसबगड़ से पैदल मार्ग द्वारा पंहुचा जा सकता है। प्रस्तावित स्थल पर कुछ स्थानीय प्रजाति के वृक्ष व तथा झाड़िया विधमान है। प्रस्तावित स्थल भौगोलिक दृष्टिकोण से समुद्र तल से लगभग 1441 मी0 की उंचाई पर निम्न अक्षांश व देशान्तर के मध्य स्थित है:–

उत्तर 29^0 56′ 53.2″ अक्षांश
पूरब 80^0 14′ 05.8″ देशान्तर

प्रस्तगत स्थल की चौहद्दी निम्नवत् हैः–

उत्तर दिशा में	–	पहाडी ढलाननुमा भूभागके बाद बरसाती नाला स्थित है।
दक्षिण दिशा में	–	पहाडी भूभाग के पश्चात ग्राम राया की सीमा स्थित है।
पूर्व दिशा में	–	डाउनहिल दिशा आवेदित स्थल से बाहर में भुजगाड़ स्थित है, जिसका समरेखण उत्तर 180^0 की ओर है।
पश्चिम दिशा में	–	अपहिल दिशा में कुछ आवासीय भवन स्थित है।

<u>क्षेत्रीय भूगर्भीय संरचना</u> :

बेरीनाग फॉरमेशन	क्वॉटजाईट मेटा क्वार्टजाईट, कौग्लोमेरिट फिलाईट
.....अन्कन्फरमिटी	
गंगोलीहाट डोलोमाईट	डोलोमाईट, लाईमस्टोन एल्गल संरचना के साथ डोलोमीटिक सोपस्टोन जिसमे टाल्क/टाल्कोज/फिलाईट व डोलोमाईट अन्तः संस्तरीय अवस्था में मिलती है।
.....अन्कन्फरमिटी	
सौर स्लेट	सेल, स्लेट ग्रेवेके एवं फिलाईट

जनपद पिथौरागढ़ का सम्पूर्ण क्षेत्र मुख्यतः लेसर हिमालय और मध्य हिमालय में अवस्थित चट्टानों की उत्पत्ति से निर्मित है। क्षेत्र में कई उत्पत्ति चक्रों में हुई विभिन्न टैक्टोनिक मूवमैन्ट के कारण क्षेत्र की भूवैज्ञानिक सरंचना अत्यधिक जटिलता लिये हुये है। जनपद पिथौरागढ़ में विभिन्न स्थान्तर्गत current bedded quartzite, mica talc schist, limestone-Dolomite, quartzite, granodiorite, augen-gneiss, आदि प्रकृति की चट्टानें विधमान है। जनपद का उत्तरी भाग जो अधिकांशतः हिमाच्छादित है कार्यान्तरित चट्टानों से निर्मित है जो कि मध्य हिमालय का भाग है। मध्य हिमालय जोन का सेन्ट्रल क्रिस्टलाईन भाग थ्रस्ट शीट की तरह प्रदर्शित है जो कि विभिन्न टैक्टोनिक सैटिंग अवधियों के दौरान लेसर हिमालय जोन की metasedimentry व sedimetry चट्टानों के ऊपर अवस्थित है। सेन्ट्रल क्रिस्टलाईन जोन में मुख्यतः मिग्मेटाईट, माईका, नाईस , कौल्क नाईस, क्वार्टजाईट, मार्बल, माईका शिष्ट तथा एम्फीबोलाईट प्रकृति की चट्टानें पायी जाती है। जनपद पिथौरागढ़ का अधिकांश भाग geotectoniczone के अन्तर्गत आता है जिसे लेसर हिमालय कहा जाता है। लेसर हिमालय के अन्तर्गत मुख्यतः आवसादी सी शैल, मैटा अवसादी शैल, अन्तः संस्तरीय आग्नेय चट्टानों से निर्मित है।

स्थानीय भूगर्भीय संरचनाः–

प्रश्नगत क्षेत्र उपर्युक्त स्टेटोग्राफी में गंगोलीहाट डोलोमाईट सिक्वेंस के कार्बोनेट समूह की चट्टानों का एक हिस्सा है, जिसके अनुसार क्षेत्र में पाया जाने वाला खनिजीकृत क्षेत्र अपर एवं लोअर कार्बोनेट के मध्य स्थित है।

अपर कार्बोनेट	.....	मैग्नेसाईट, स्पोरोडिक डोलोमाईट
मिडिल टाल्कोज फिलाईट	.....	टाल्क पाकेट्स में मिलता है।
लोअर कार्बोनेट	.....	डोलोमाईट/डोलोमाईट संस्तरण

आवेदित स्थल क्षेत्र में उपलब्ध टोपोग्राफी के अनुसार स्थल के डाउनहिल पूरब दिशा में पहाडी ढ़ाल की प्रवणता लगभग 55^0–60^0 तथा ढाल की दिशा उत्तर 100^0 की ओर है। जिसके डाउनहिल भाग पर भुजगाड़ प्रवाहित होती है जिसका समरेखण स्थल के निचले भागों में उत्तर 180^0 की ओर है। ग्राम बजेता के कुछ आवासीय भवन प्रस्तावित क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित है। आवेदित क्षेत्र के अन्तर्गत स्थानीय प्रजाति के वृक्ष तथा झाडिंया विद्यमान है। क्षेत्र में तथा आस–पास भू–धंसाव व भूस्खलन आदि वर्तमान में दृष्टिगोचर नहीं होते है। प्रस्तावित क्षेत्र के उत्तर दिशा में स्थित बरसाती नाले के किनारे वाले भागों की ओर कैल्कैरियस प्रकृति की चटटानों के निक्षेप दृष्टिगोचर होते है। प्रस्तावित क्षेत्र के पूरब भाग में स्थित पहाडी स्कार्पमेंन्ट में स्वस्थानें चट्टानें दृष्टिगोचर होती है, जो डोलोमीटिक /लाईमस्टोन प्रकृति की चट्टानें है। स्थल के उत्तर दिशा में स्थित बरसाती नाले के किनारे वाले भागों में कहीं–कहीं पर सोपस्टोन की पॉकेट/निक्षेप दृष्टिगोचर होते है, जो प्रस्तावित स्थल में मृदा के ओबरवर्ड़न के लगभग 01 से 1.5 मी0 मोटे आवरण के नीचे होना प्रतीत होता है। अर्थात क्षेत्र में सोपस्टोन/टॉल्क की उपलब्धता लैंन्स/पॉकेट के रूप में विद्यमान होना प्रतीत होती है।

प्रस्तावित क्षेत्र की वर्तमान टोपोग्राफिक स्थिति एवं उपरोक्त वर्णित विवरण के अनुसार आवेदित स्थल में स्थित वृक्षों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा तथा क्षेत्र में पर्यावरण की स्थिति को संतुलित रखने एंव स्थल को खनिज के उत्खनन से पश्चात सुरक्षित तथा संरक्षित रखने हेतु निम्नलिखित शर्तों/उपायों का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगाः–

सुझाव/शर्तेः–

1. खनन पटटा धारक द्वारा उत्तराखण्ड गौण खनिज नीति–2015 (यथा समय–समय पर संशोधन सहित) में उल्लेखित समस्त शर्तो का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा।
2. आवेदित क्षेत्र के डाउनहिल दिशा में प्रवाहित होने वाली भुजगाड़ से नियमानुसार दूरी छोडकर खनन कार्य किया जाना होगा।
3. आवेदक सोपस्टोन उत्खनन कार्य के दौरान अपशिष्ट तथा वेस्ट मलवे का निस्तारण उचित स्थान पर करेगा तथा किसी दशा भी में मलवे का बहाव भुजगाड़ नदी तथा स्थानीय गदेरे में नहीं करेगा।
4. अपशिष्ट मलवे के निस्तारण हेतु आवेदित क्षेत्रान्तर्गत ही डम्पिंग जोन चयन किया जाना आवश्यक होगा, जिससे मलवा ढाल की दिशा में नही गिराया जाना होगा।

5. आवेदित क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित भवनों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर ही सोपस्टोन उत्खनन कार्य किया जाना आवश्यक होगा।
6. यदि खनन कार्य किये जाते समय कोई भाग प्रभावित हो जाता है तो उक्त भाग को तत्काल सुरक्षा दीवारों द्वारा सुरक्षित किया जाना आवश्यक होगा।
7. आवेदित स्थल के उत्तर दिशा में स्थित बरसाती नाले से नियमानुसार उचित दूरी छोडकर ही खनन कार्य किया जाना होगा।
8. आवेदित क्षेत्र के अन्तर्गत यदि वन भूमि तथा राज्य सरकार की भूमि आती है तो उस क्षेत्र में खनन कार्य करने से पूर्व पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
9. आवेदक भूस्वामियों की अनुमति के बिना उनकी भूमि में खनन कार्य नही करेगा।
10. पट्टाधारक अनुमोदित खनन योजना के अनुसार ही प्रस्तावित क्षेत्रान्तर्गत खनन कार्य करेगा।
11. आवेदक खनन कार्य के दौरान स्थल के प्रस्तावित स्थल एंव निकटवर्ती भागों में स्थित सार्वजनिक सम्पत्ति आवासीय भवन, सार्वजनिक स्थल , भवन आदि को हानि नही पहुंचायेगा।
12. आवेदक द्वारा खनन कार्य से निकलने वाले खनिज/खनिजों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता की जॉच हेतु भूवैज्ञानिक, पिथौरागढ़ को सूचित करना अनिवार्य होगा, जिससे क्षेत्र से निकलने वाले खनिज का ग्रेड तथा रॉयल्टी का उचित निर्धारण किया जा सके।
13. आवेदक द्वारा खनन कार्य किये जाने के समय यदि क्षेत्र में सोपस्टोन खनिज के साथ–साथ यदि कोई अन्य खनिज की भी उपलब्ध होने की संभावना होती है, तो उक्त के सम्बन्ध में कार्यालय, भूवैज्ञानिक, पिथौरागढ को सूचित किया जाना होगा।
14. पटटा धारक सोपस्टोन उत्खनन कार्य के पश्चात क्षेत्र में खोदे गये पिटों तथा गड्ढो से खनिज निकालने के पश्चात गड्ढों को शीघ्र भरकर समतल करेगा व भूमि को कृषि योग्य बनायेगा जिससे क्षेत्र में भूस्खलन न हो तथा क्षेत्र स्थिर रह सके।
15. पर्यावरणीय स्थिति को संतुलित रखने के उद्देश्य से आवेदक अपनुपयोगी क्षेत्र/राजस्व क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य करेगा।
16. स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र का पर्यावरणीय अनुमति एंव पर्यावरण एंव प्रदुषण विभाग से सी0टी0ओ0 प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

उक्त शर्तों के पूर्णत अनुपालन की दशा में ही उक्त क्षेत्र ही सोपस्टोन के उत्खनन कार्य हेतु भूवैज्ञानिक दृष्टिकोण से (दैवीय आपदा को छोडकर) उपयुक्त प्रतीत होता है। उक्त शर्तों के अनुपालन में भूगर्भीय निरीक्षण आख्या संस्तुति सहित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

Pradeep 25/4/2018
(प्रदीप कुमार)
प्रा0सहा0–भूविज्ञान/प्रभारी अधिकारी
OIC

पत्रांक : 17 / जि0टा0फो0–पिथौ0/खनन/भू0निरी0/2018–19, तददिनांकित।
प्रतिलिपि– निदेशक, भूतत्व एंव खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड़, भोपालपानी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

Pradeep 25/4/2018
(प्रदीप कुमार)
प्रा0सहा0–भविज्ञान/प्रभारी अधिकारी
OIC

संलग्नक-14

प्रेषक,

तहसीलदार,
तेजम।

प्रेषित,

थानाध्यक्ष,
नाचनी।

सख्या- 79 /जांच-पत्रावली/2022-23 दिनांक मार्च 2? 2023

विषय –मु0अ0 संख्या 07/22 धारा 420 भा0द0सं0 की वर्तमान प्रगति/कार्यवाही से अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक अवगत कराया जाना है कि ग्राम बजेता में खनन से सम्बन्धित प्राप्त शिकायती पत्रों में वर्तमान में जांच गतिमान है। प्रकरण में गतिमान जांच हेतु थाना नाचनी अन्तर्गत पंजीकृत मु0अपराध संख्या 07/22 धारा 420 भा0द0सं0 बनाम् राजेन्द्र सिंह दफौटी में वर्तमान तक की गयी कार्यवाही/जांच प्रगति की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि थाना नाचनी अन्तर्गत दर्ज उक्त अपराध संख्या 07/22 में वर्तमान प्रगति/जांच से इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें, जिससे कि ग्राम बजेता खनन से सम्बन्धित जांच प्रकरणों में अग्रिम कार्यवाही रिपोर्ट प्रेषित की जा सके।

तहसीलदार,
तेजम।

रिपोर्ट P.S नाचनी जिला पिथौरागढ़ उत्तराखण्ड

मु0अ0सं0 07/22 धारा 420 IPC बनाम राजेन्द्र सिंह दफौटी में हस्तलेख मिलान (F.S.L) विधि विज्ञान अनुसंधान [illegible] भेजा गया है अभी रिपोर्ट अप्राप्त है। विवेचना [illegible] है।

रिपोर्ट [illegible] में प्रेषित है

थानाध्यक्ष
[illegible]

सेवा मे,

श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय
मुनस्यारी पिथौरागढ़।

विषयः- पत्र संख्या-ज्ञाप/फर्जी-हस्ताक्षर/2022 दिनांक मार्च 08, 2022 के सम्बन्ध मे ।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि पत्र संख्या उपरोक्त का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो शिकायतकर्ता अनी राम निवासी ग्राम बजेता पो0 बांसबगड़ तहसील मुनस्यारी जनपद पिथौरागढ़ के शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

महोदय उपरोक्त सन्दर्भ मे सादर अवगत कराना है कि दिनांक 09-03-2022 को अनी राम आदि द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र के आधार मु0 FIR NO 07/22 धारा 420 भादवि बनाम राजेन्द्र सिंह डफोटी पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त मामले की विवेचना प्रचलित है। कथित फर्जी हस्ताक्षरो का मिलान कराने की कार्यवाही दौराने विवेचना की जायेगी । विवेचना (Investigation) प्रचलित है। FIR की छायाप्रति संलग्न है।

आख्या सादर सेवा मे प्रेषित है।

दिनांक 12-03-2022

(कंचन कुमार पडलिया)
उ0नि0
प्रभारी चौकी क्वीटी
थाना नाचनी
जनपद पिथौरागढ़

महोदय,
अग्रसारित है।

थानाध्यक्ष
थाना नाचनी
12/3/22
जनपद - पिथौरागढ़

11/2022 धारा 420 I.P.C थाना सुरजनगर [illegible]

पुलिस प्रपत्र [illegible]

मूल / द्वितीय / तृतीय प्रतिलिपि

369303 पृष्ठ संख्या

प्रथम सूचना की रिपोर्ट

[illegible] पुलिस द्वारा संज्ञेय किये जाने योग्य अपराध की प्रथम सूचना

जनपद मुरादाबाद

थाना सूरजनगर

[illegible] 11/2022

घटना का दिनांक व समय 09-03-2022

घटना का समय, तारीख, रिपोर्ट की गई	घटना स्थल, दिशा और पुलिस स्टेशन से दूरी	पुलिस स्टेशन से भेजे जाने का दिन
09-03-2022 11:35 [illegible]	ग्राम [illegible] थाने से [illegible] 16 K.M. दिशा [illegible]	[illegible]

1- प्रथम सूचना देने वाले के हस्ताक्षर या अंगूठे का चिन्ह लेना चाहिये और इसकी पुष्टि गवाही लिखने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर के द्वारा होनी चाहिए।

सूचना देने वाले या वादी का नाम व निवास स्थान	अभियुक्त का नाम व निवास स्थान	माल सहित अपराध तथा जो भी सम्पत्ति (यदि कोई हो) का संक्षिप्त विवरण	तफतीश के सम्बन्ध में जो कार्यवाही की गयी तथा सूचना के दर्ज करने में देरी होने का कारण	मुकदमे का परिणाम
(1) [illegible] (2) [illegible] मुरादाबाद	[illegible]	[illegible] धारा - 420 I.P.C	बाद जाँच अभियोग पंजीकृत किया गया। तफतीश [illegible] थाना [illegible] अनुसार [illegible]	तफतीश [illegible]

प्रथम सूचना पूर्ण [illegible]

[illegible]

09/03/2022

संलग्नक-15

चौर ज. वि. खतौनी, ग्राम-बजेला; प०-कांडाबाज; तह-तेजम; पिथौरागढ़

श्रेणी - 10(1)

खाता सं	खातेदार का नाम	पौ. अधिमाप वर्ष	खसरा नं	रकबा (है०) (है)	अन्य विवरण
41	सैली (राज्य सरकार)	1374 फ०	1	0.124	
			212	0.006	
			226	0.001	
			400	0.061	
			|	|	
			अंक	:	
			|	|	
			6	:	
			|	|	
			7409	0.068	
			7411	0.040	
			8202	0.038	
			8204	0.045	
			|	|	
			:	:	
			|	|	
			9629	0.911 (0.111)	
			9633	0.090	
			9688	0.075	
			9690	0.541	
			9692	0.790	
		योग	85	7.572	

मिलान, असल से नकल तैयार किया

R.S.S.
राजस्व उपनिरीक्षक
क्षेत्र [illegible]
[illegible]

Scanned with OKEN Scanner

गैर ज़.वि. खतौनी ग्राम-बजेता, पट्टी-बांसबगा, तह-तेजम, पिथौरागढ़

श्रेणी - 9(3) 'ग' स्थायी पड़ावार भूमि

खाता सं	खातेदार का नाम	भौं अधिकार वर्ष	खसरा सं	रकबा (हे.) (हे.)	अन्य विवरण
38	गौचर (उत्तराखण्ड सरकार)	1374 फ०	2	1.014	
			399	0.669	
			469	1.054	
			598	1.430	
			⋮	⋮	
			4559	0.374	
			4596	0.289	
			4600	0.697	
			4715	0.219	
			⋮	⋮	
			9628	4.015	
			9635	3.133	
			9636	6.327	
			9642	0.189	
		योग	138	219.438	

प्रमाणित

असल से खतौनी नकल तैयार किया

R.S. [signature]

राजस्व उपनिरीक्षक

क्षेत्र [illegible]

जिला [illegible]

संलग्नक-16

कार्यालय,भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,उद्योग निदेशालय,
जिला टास्क फोर्स न्यू टकाना कालोनी, निकट शिवमन्दिर,पिथौरागढ़।

पत्रॉक: 1435/भू0खनि0ई0पि0/खनन पट्टा/जॉच/2022–23. दिनॉक 21–03–2023

नोटिस

मै0जे0डी0 मिनरल्स,
प्रोप्राइटर श्री राजेन्द्र सिंह डफौटी,
बी–54,जज फार्म,छोटी मुखानी,
हल्द्वानी,जनपद नैनीताल।

विषय– ई–रवन्ना पोर्टल आई0डी0संख्या–MO62023894 निलम्बित् किये जाने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या–र–3424(2)/तीस–खनन/2022–23 दिनॉक मार्च 14,2023 द्वारा मा0राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या–78/2023 दुर्गासिंह पवार एवं अन्य बनाम् राजेन्द्र सिंह दफौटी एवं अन्य में मा0राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा दिनॉक 14–02–2023 को पारित आदेशों के अनुक्रम में गठित समिति में जिलाधिकारी महोदय की ओर से उप जिलाधिकारी मुनस्यारी को सदस्य के रूप में नामित करते हुये प्रश्नगत खदान क्षेत्र की जॉच हेतु दिनॉक 21–03–2023 की तिथि निर्धारित की गयी थी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनॉक 21–03–2023 को राजस्व विभाग,वन विभाग,खनन विभाग एवं उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों की संयुक्त जॉच समिति द्वारा आपके पक्ष में ग्राम बजेता तहसील मुनस्यारी जनपद पिथौरागढ़ क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत खनन पट्टाक्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि आपके द्वारा सीमॉकित् पट्टा क्षेत्र से बाहर सोपस्टोन का खनन कार्य किया जाना पाया गया है, जो खान एवं खनिज (विनियम तथा विकास) अधिनियम ,1957 की धारा 4/21 का उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये आपके ई–रवन्ना पोर्टल ई–रवन्ना पोर्टल आई0डी0संख्या–MO62023894 को अग्रिम आदेशों तक तत्काल प्रभाव से Suspend किया जाता है।

सूचना जानें।

भवदीय,
21.03.23
(राहुल नेगी)
खान निरीक्षक/
प्रभारी खान अधिकारी।

पृ0सं0– /(1) तद्दिनॉकित्
प्रतिलिपि, निम्नॉकित् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित।
1– निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,उत्तराखण्ड, देहरादून।
2– जिलाधिकारी पिथौरागढ़।

21.03.23
(राहुल नेगी)
खान निरीक्षक/
प्रभारी खान अधिकारी।

संलग्नक-17



M/S JD MINERALS
GST Reg No: 05AGCPD9628D1ZQ
Address of Principal Place of Business- 00, J.D. MINERALS
Near Army Canteen Bilona Bageshwar (Uttarakhand - 263642
(Uttarakhand) OFF. Mob No 8941078888, 7500092171
Latitude: 29.947189
Longitude: 80.231764
Elevation: 1564.48±100 m
Accuracy: 18.9 m
Azimuth: 116° (SE)
Pitch: -13.9° (-0.9°)
Time: 21-03-2023 14:14

Latitude: 29.946678
Longitude: 80.231558
Elevation: 1514.09±100 m
Accuracy: 17.0 m
Azimuth: 163° (S)
Pitch: -130.0° (98.0°)
Time: 21-03-2023 14:06


Latitude: 29.945477
Longitude: 80.231003
Elevation: 1483.73±100 m
Accuracy: 10.7 m
Azimuth: 111° (E)
Pitch: -14.8° (6.3°)
Time: 21-03-2023 13:15


Latitude: 29.930308
Longitude: 80.229169
Elevation: 1567.31±100 m
Accuracy: 3500.0 m
Azimuth: 32° (NE)
Pitch: -4.2° (-2.6°)
Time: 21-03-2023 14:35
Powered